इंडियन रेलवे केटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन लिमिटेड

(भारत सरकार का उद्यम . मिनी रत्न)

INDIAN RAILWAY CATERING AND TOURISM CORPORATION LTD.
(A Govt. of India Enterprise-Mini Ratna)
CIN: L74899DL1999GOI101707
Website: www.irctc.com, Email: info@irctc.com

प्रेस विज्ञप्ति

गोल्डन चेरियट लग्ज़री ट्रेन – कई स्थान, एक यात्रा

- गोल्डन चैरिएट एक लग्ज़री पर्यटक ट्रेन है जो भारतीय राज्यों कर्नाटक, गोवा, केरल और तमिलनाडु के साथ–साथ पुदुच्चेरी (पॉन्डिचेरी) के महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों को जोड़ती है।
- दक्षिण भारत की वास्तुकला, संस्कृति और इतिहास को दर्शाने के लिए गोल्डन चैरिएट मार्ग में आने वाले पर्यटन स्थलों को चुना गया है।
- गोल्डन चैरिएट ट्रेन में अतिथि कैरिज उन राजवंशों के नाम पर हैं, जिन्होंने कई शताब्दियों तक दक्षिण भारत पर शासन किया।
- मैसूर, हम्पी, गोवा, महाबलीपुरम और बांदीपुर, हलेबिदु, चिकमंगलूर, ऐहोल एवं पट्टडकल के लोकप्रिय पर्यटन स्थलों को भी शामिल किया गया है।
- छोटी दूरी को कवर करने वाली आंशिक बुकिंग की भी अनुमति है।

नई दिल्ली 08 मार्च 2021: रेल मंत्रालय की यात्रा, पर्यटन और अतिथि सेवा में अग्रणी कम्पनी आईआरसीटीसी ने पहले से ही लग्ज़री ट्रेन पर्यटन के क्षेत्र में अपनी छाप छोड़ते हुए, अब अपनी लग्ज़री ट्रेनों के समूह में गोल्डन चैरिएट ट्रेन को शामिल किया है, कर्नाटक पर्यटन के स्वामित्व वाली ट्रेन गोल्डन चैरिएट को आईआरसीटीसी फिर से नए स्वरूप में यात्रियों को रोमांचक यात्रा का अनुभव कराएगी।

इंडियन रेलवे केटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम . मिनी रत्न)
INDIAN RAILWAY CATERING AND TOURISM CORPORATION LTD.
(A Govt. of India Enterprise-Mini Ratna)
CIN: L74899DL1999GOI101707
Website: www.irctc.com, Email: info@irctc.com

कर्नाटक की शान गोल्डन चैरिएट ट्रेन दक्षिण भारत के महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों के लिए अपनी पहली यात्रा दिनांक 14 मार्च 2021 को 6 रात/7 दिन के यात्रा कार्यक्रम के अवसर पर बांदीपुर, मैसूर, हलेबिदु, चिकमंगलूर, हम्पी, ऐहोल, पट्टडकल और गोवा को कवर करते हुए कर्नाटक से आरंभ होकर बंगलुरू में ही समाप्त हो जाती है। एक ओर दिनांक 21 मार्च 2021 को 3 रात/4 दिन की यात्रा की योजना जो मैसूर, हम्पी और महाबलीपुरम कवर करते हुए बंगलुरू से आरंभ और बुंगलुरू में समाप्त हो जाएगी।

नवीनीकृत ट्रेन में निःशुल्क वाई–फाई और ऑनबोर्ड ओटीटी स्ट्रीमिंग, मानार्थ हाउस पोर्स और वाइन, अंतरराष्ट्रीय और भारतीय पसंद के व्यंजन, एक अनुभवी टूर निर्देशक की सेवाएं, सभी स्मारकों के प्रवेश टिकट, ट्रेन में सांयकाल का भोजन और सांस्कृतिक कार्यक्रम द्वारा ट्रेन में यात्रा के अनुभव को पूरी तरह से अविस्मरणीय बनाना है।

दक्षिणी प्रायद्वीप की अद्वितीय स्थिति, पश्चिम में अरब सागर से घिरा, दक्षिण में हिंद महासागर और पूर्व में बंगाल की खाड़ी में पश्चिम और पूर्व दोनों के साथ कई राजवंशों के व्यापार और राजनीतिक संबंध थे। इस क्षेत्र की वास्तुकला, संस्कृति और इतिहास को प्रदर्शित करने के लिए स्वर्ण रथ मार्ग पर गंतव्य चुने गए हैं।

कर्नाटक पर्यटन के स्वामित्व वाली ट्रेन गोल्डन चैरिएट को आईआरसीटीसी ने जनवरी 2020 में परिचालन, विपणन और रखरखाव के लिए संभाला था। हालांकि, कोविड–19 महामारी के कारण निर्धारित यात्राएं परिचालित नहीं की जा सकी।

गोल्डन चैरिएट अतिथि ट्रेन का नाम उन राजवंशों के नाम पर रखा गया जिन्होंने कई शताब्दियों तक दक्षिण भारत पर शासन किया। प्रत्येक अतिथि गाड़ी में डबल और ट्विन बेड की सुविधा के साथ चार केबिन हैं। अतिथि केबिन में 13 डबल बेड, 30 ट्विन बेड केबिन और 01 केबिन विशेष रूप से विकलांगों के लिए है। ट्रेन में दो प्रसिद्ध रेस्तरां **''रूचि और नालपका''** प्रत्येक प्रकार के पेय पदार्थ (कॉकटेल एवं मॉकटेल) और व्यंजनों की सुविधा प्रदान करते हैं। ''आरोग्य द स्पा'' सह फिटनेस सेंटर अपने आधुनिक व्यायाम मशीनों के साथ पारंपरिक आयुर्वेदिक स्पा उपचारों की भी सुविधा उपलब्ध कराती है।

ट्रेन के बारे में अधिक जानकारी के लिए कृपया आधिकारिक वेबसाइट www.goldenchariot.org पर जाएं।

पंजीकृत एवं कॉर्पोरेट कार्यालय रू 11**वाँ तल**ए **बी** 148ए **स्टेटस्मन हाउस**ए **बाराखंभा रोड**ए **नई दिल्ली** . 110001 **फोन** . 23311263ए 44168 ,**रेलवे**द्धए **फॅक्स**.23311259
Regd. & Corp. Office : 11th Floor, B-148, Statesman House, Barakhamba Road, New Delhi – 110001. Tel : 23311263, 44168 (Rly.) Fax : 23311259